संख्या-14 /2018/सी0एम0-17/एक-4-2018-रा0-4

प्रेषक,

सुरेश चन्द्रा,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0, शासन।

सेवा में,

1-आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

2-समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

3-समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजस्व अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक: 12 अप्रैल, 2018

विषयः- जनपद मथुरा की तहसील छाता को स्वच्छ दक्ष तहसील का मानक मानते हुए प्रदेश की समस्त तहसीलों को उसी तरह स्वच्छ दक्ष बनाये जाने सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपजिलाधिकारी, छाता द्वारा तहसील की साज-सज्जा व साफ-सफाई के लिए उत्कृष्ट प्रयास किये जाने के कारण जनपद मथुरा की तहसील छाता को प्रदेश की स्वच्छ दक्ष तहसील के लिए पुरस्कृत करते हुए एक प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के तहसीलों की साज-सज्जा व साफ-सफाई की स्थिति उच्च कोटि की नही है। जनपद मथुरा की तहसील छाता को स्वच्छ दक्ष तहसील का मानक निर्धारित करते हुए प्रदेश के अन्य जिलों की तहसीलों के लिए माडल के रूप में अपनाया जा सकता है और प्रदेश की सभी तहसीलों में साफ-सफाई व कार्यालयों के रख-रखाव में आपेक्षित सुधार लाकर प्रदेश की सभी तहसीलों को इसी प्रकार स्वच्छ सुन्दर एवं दक्ष बनाया जा सकता है।

2- उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया जनपद मथुरा की तहसील छाता को स्वच्छ दक्ष तहसील का मानक मानते हुए अपने जनपद की तहसीलो में साफ-सफाई व कार्यालयों के रख-रखाव में आपेक्षित सुधार लाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुरेश चन्द्रा)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in